सार-समाचार

राम विवाह में दिलाया भ्रूण हत्या नहीं करने का संकल्प

चिड़ावा। राम के धनुष तोड़ने का समाचार अयोध्या में मिलते ही महाराज दशरथ और रानियां प्रसन्न हो उठी। दशरथजी भरत और शत्रुघ्न के साथ बारात लेकर रवाना हुए। ये दृश्य था साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश पचरंगिया मार्ग पर डालमियों के नोहरे में चल रही राम लीला के चौथे दिन का। इस दौरान साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश पचरंगिया के घर से बारात ठाठ बाट से निकली। इस दौरान साहित्यकार पचरंगिया की पत्नी गंगा पचरंगिया ने सभी राजकुमारों की नजर उतारी और आरती के बाद बारात को रवाना किया। ढोल, बाजों की धुन पर नाचते राजकुमार और गुरु वशिष्ठ के साथ दशरथ, राम, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न और पुरवासी बारात लेकर रामलीला आयोजन स्थल पंहुचे। जहां पर सीता की माता और जनक ने परिवार सहित बारात का स्वागत किया। बारात को भोजन कराया गया। इसके बाद फेरे की रस्म निभाई गयी। इस मौके पर 7 वचनों के साथ आठवां वचन कन्या भ्रूण हत्या नहीं करने और बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का संकल्प दिलाया गया। लीला में राम बने पंकज वर्मा, भरत बने मयंक शर्मा, लक्ष्मण बने कृष्णा सेन, शत्रुघ्न बनेमयंक सेन, दशरथ बने महेश शर्मा धन्ना, वशिष्ठ बने ,बालकृष्ण चौरासिया, जनक बने मदनलाल जांगिड, सीता बने सुनील महारानियां, विश्वामित्र बने महेंद्र भारतीय, सतानन्द बने भूपेंद्र अरडावतिया, कैकयी बने रवि भारतीय, मंथरा बने ज्ञानशंकर पांडे आदि ने जोरदार अभिनय कर सभी का मन मोह लिया। रामलीला परिषद अध्यक्ष प्रमोद अरड़ावतिया और कोषाध्यक्ष सुरेश डालमिया ने बताया कि रामलीला के दौरान कैकयी-मंथरा, कैकयी-दशरथ, और राम वन गमन प्रसंग की लीला दिखाई गई।

चिड़ावा में दुर्गा महोत्सव के पंडाल में राजस्थानी संस्कृति की झलक

चिड़ावा। नवरात्र के पावन पर्व पर श्री शिव हनुमान मित्र मंडल, चिड़ावा की ओर से आयोजित पंचम श्री दुर्गा महोत्सव एवं श्री कृष्ण कथा के तहत धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पावर हाउस के सामने, पानी की टंकी के पास, वार्ड नंबर 26, 27, 40 एवं आदर्श कॉलोनी क्षेत्र में आयोजित इस महोत्सव में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। रात्रि को महोत्सव पंडाल में जयपुर के शेखावत म्यूजिकल ग्रुप की ओर से राजस्थानी लोक संस्कृति से जुड़ी रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। राजस्थानी संगीत और लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत करती इन कार्यक्रमों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। संगीत की धुनों और कलाकारों की प्रस्तुतियों के बीच पूरा पंडाल उत्साह से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने राजस्थानी संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियों का आनंद लिया। आयोजन स्थल पर उत्सव जैसा माहौल रहा और सांस्कृतिक कार्यक्रम ने महोत्सव की रौनक बढ़ाई। श्री शिव हनुमान मित्र मंडल की ओर से आयोजित यह महोत्सव धार्मिक आस्था के साथ-साथ लोक संस्कृति और परंपराओं को मंच प्रदान कर रहा है। महोत्सव के माध्यम से क्षेत्रवासियों को धार्मिक आयोजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। इस दौरान ग्यारसी लाल सैनी, बाबूलाल सैनी, रिछपाल सैनी, विनोद सैनी, राजेश कटारिया, राकेश शर्मा, विकास शर्मा, विक्रम सैनी, कृष्ण गोपाल शर्मा, रवि कटारिया, मोनू वर्मा, नितेश वर्मा, राजेंद्र कुमावत, लोकेश कटारिया, आर्यन सैनी, अंकित वर्मा, तरुण शर्मा, हर्ष शर्मा, किशन शर्मा, सोनू शर्मा, प्रियांशु सैनी, पीयूष सैनी, आकाश वर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

चिड़ावा में आधार एमबीयू कैंप संपन्न

चिड़ावा। भारतीय डाक विभाग द्वारा मनाए जा रहे राष्ट्रीय डाक सप्ताह 2026 के अंतर्गत आज वित्तीय समावेशन दिवस के अवसर पर चिड़ावा उपखंड की ओर से परमहंस श्री गणेश जी पंडित सीनियर सैकेंडरी स्कूल, चिड़ावा में आधार मेंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट कैंप का सफल आयोजन किया गया। यह कैंप धर्मपाल सिंह ढाका अधीक्षक डाकघर, झुंझुनूं मंडल तथा अरविंद कुमार निरीक्षक, चिड़ावा उपखंड के निर्देशन में आयोजित हुआ।इस कैंप में डाक विभाग की ओर से उपखंड कार्यालय टीम से अशोक कुमार मिठारवाल, हेम सिंह, महेश कुमार और मनरूप सिंह सम्मिलित हुए। टीम द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं के आधार अपडेशन व नवीन आधार बनाने का कार्य किया गया। इस कार्य में विद्यालय के प्रबंधक विक्रम जांगिड़ तथा मुकेश जांगिड एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

21 प्रत्याशियों के 25 नामांकन दाखिल

झुंझुनूं। पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिला परिषद एवं झुंझुनूं, चिड़ावा, सूरजगढ़, सिंघाना, पिलानी और बुहाना पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन की नामांकन प्रक्रिया जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने बताया कि दूसरे दिन जिला परिषद के लिए 21 प्रत्याशियों ने 25 नामांकन पत्र दाखिल किए। वहीं झुंझुनूं पंचायत सिमिति सदस्य के लिए 11, चिड़ावा पंचायत समिति में 22, सूरजगढ़ में 6, सिंघाना पंचायत समिति में 16, पिलानी पंचायत सिमिति में 15, बुहाना पंचायत सिमिति में 14 नामांकन प्रस्तुत किये गए। नामांकन पत्र जमा करवाने के अंतिम तिथि 16 अक्टूबर है। नामांकन प्रतिदिन सुबह 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 17 अक्टूबर को होगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 19 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इस दिन अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। नाम वापसी की अवधि समाप्त होने के तुरंत बाद चुनाव प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा तथा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित की जाएगी।

झुंझुनूं के खिलाड़ियों ने 3 रजत और 7 कांस्य पदकों पर जमाया कब्जा

झुंझुनूं। राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में झुंझुनूं जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। 70वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने तीन रजत और सात कांस्य सहित कुल 10 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल करने वाले तीन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तरीय कैंप के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया। सम्मान समारोह में लोक सेवा की सहायक निदेशक शिवा चौधरी एवं सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह भी मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे जिले की खेल प्रतिभाओं, कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम बताया।

चिड़ावा पंचायत चुनाव : नामांकन के दूसरे दिन 22 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे

चिड़ावा।पंचायत समिति चिडावा (झुंझुनूं) के चुनाव को लेकर एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन कुल 22 पर्चे दाखिल किए गए। विभिन्न वार्डों से चुनाव मैदान में उतरे अभ्यर्थियों ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर नाम निर्देशित पत्र जमा करवाए। नामांकन करने वाले प्रमुख प्रत्याशियों में वार्ड 3 से मुकेश कुमार व सुमेर सिंह, वार्ड 4 से मोतीलाल व राजेन्द्र सिंह, वार्ड 5 से नेहा कुमारी, अनिला व मोनिका तथा वार्ड 6 से विनिता देवी सैनी शामिल हैं। इसी तरह वार्ड 8 से सुरेश शर्मा, मुकेश कुमार, अशोक कुमार व प्रगति कटेवा (दो सेट), वार्ड 13 से कमला जानू व अविना कुमारी, वार्ड 15 से प्रेम निर्वाण व गीता और वार्ड 16 से कपिल सिंह ने पर्चा भरा। वहीं वार्ड 19 से प्रियंका कुमारी, सुमन, बिमला व अंजु कुमारी ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान कार्यालय परिसर में दिनभर चुनावी सरगर्मी बनी रही। प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच शांतिपूर्ण तरीके से नामांकन पत्र जमा किए गए।



चिड़ावा में पंचायत समिति चुनाव में नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन कुल 22 पर्चे दाखिल किए गए।

- विभिन्न वार्डों से चुनाव मैदान में उतरे अभ्यर्थियों ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर नाम निर्देशित पत्र जमा करवाएं

लोहिया स्कूल की छात्रा हेमिका का राज्य स्तर पर चयन

चिड़ावा। लोहिया शिक्षण संस्थान, चिड़ावा की कक्षा 12वीं की प्रतिभाशाली छात्रा हेमिका पुत्री हीरा सिंह ने 70वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। हेमिका ने अपनी असाधारण खेल प्रतिभा, अथक परिश्रम और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए 400 मीटर बाधा दौड़ तथा 100 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इसके अतिरिक्त, 400 मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त कर अपनी उपलब्धियों में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ दिया। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर हेमिका का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर लोहिया शिक्षण संस्थान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

सार-समाचार

'अधिकारियों को अवकाश के लिए पहले मंजूरी लेनी होगी'

हनुमानगढ़, (निसं)। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के मद्देनजर निर्वाचन कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश को लेकर निर्देश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अवकाश स्वीकृत करवाने के बाद ही मुख्यालय छोड़ना होगा। ये निर्देश चुनाव कार्य से सीधे जुड़े अधिकारियों के साथ अन्य संबंधित अधिकारियों पर भी लागू होंगे। जारी आदेश के अनुसार जिला स्तरीय अधिकारियों को अपना अवकाश जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलक्टर) से स्वीकृत करवाना होगा। वहीं, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से अवकाश की अनुमति लेनी होगी। यह व्यवस्था चुनाव कार्य से संबंधित नहीं होने वाले जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों पर भी लागू रहेगी। रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय अथवा जिला स्तरीय निर्वाचन प्रकोष्ठ में नियोजित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अवकाश संबंधित रिटर्निंग अधिकारी या प्रकोष्ठ प्रभारी स्वीकृत कर सकेंगे। उन्हें संबंधित कार्मिक के प्रकरण के गुण-दोष के आधार पर अवकाश स्वीकृति का निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन कार्य में ड्यूटी नहीं लगाए गए अन्य कर्मचारी अपने नियमानुसार देय अवकाश सक्षम अधिकारी से स्वीकृत करवाकर ले सकेंगे। हालांकि, पंचायतीराज आम चुनाव-2026 में निर्वाचन ड्यूटी लगाए जाने पर उनका अवकाश निरस्त माना जाएगा और उन्हें तत्काल ड्यूटी पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

नोहर, (निसं)। यहां उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल के एडीआरएम राजेन्द्र सिंह चौधरी ने नोहर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रेलवे स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के बाद जिला रेल यात्री वेलफेयर एसोसिएशन एवं नोहर रेल विकास संघ के संयुक्त तत्वावधान में रेल विकास संघ कार्यालय में उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान क्षेत्र की रेल समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए यात्री सुविधाओं के विस्तार और नई रेल सेवाएं शुरू करने की मांग रखी गई। कार्यक्रम में रेल विकास संघ के सदस्यों ने एडीआरएम चौधरी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संघ अध्यक्ष राजकुमार जोशी एवं वरिष्ठ पत्रकार मोहर सिंह ने उन्हें शॉल ओढाकर और छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया। नोहर रेल विकास संघ के अध्यक्ष राजकुमार ने स्वागत भाषण में कहा कि राजेन्द्र सिंह चौधरी के एडीआरएम पद पर आने से क्षेत्र के रेल यात्रियों में नई उम्मीद जगी है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके प्रयासों से हनुमानगढ़-सादुलपुर रेलखंड पर लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान और यात्री सुविधाओं में सुधार की दिशा में सकारात्मक पहल होगी। हनुमानगढ़-सादुलपुर रेलखंड की विभिन्न समस्याओं की ओर एडीआरएम का ध्यान आकर्षित किया। ट्रेनों की समय-सारिणी में सुधार करने, रेलवे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए नोहर में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की चौकी स्थापित करने तथा बीकानेर, जयपुर और दिल्ली के लिए नई रेल सेवाएं शुरू करने की मांग उठाई। नागरिकों ने स्थानीय पुलिस थाने के पास स्थित रेलवे अंडरब्रिज की स्थिति की ओर एडीआरएम का ध्यान आकर्षित करते हुए समस्या का शीघ्र समाधान करवाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों एवं रेल यात्रियों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए संबंधित समस्या पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। एडीआरएम राजेन्द्र सिंह चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल की ओर से रखी गई समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए अपने स्तर पर पूरा प्रयास करने का आश्वासन दिया। रेल यात्री संगठनों एवं उपस्थित प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि रेलवे प्रशासन इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करते हुए हनुमानगढ़-सादुलपुर रेलखंड पर यात्री सुविधाओं के विस्तार, सुरक्षा व्यवस्था में सुधार तथा रेल सेवाओं को अधिक उपयोगी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाएगा। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा, श्रीराम व्यास, राजकुमार जोशी, कन्हैया कंदोई, सतीश चंद्र सोनी, साजिद भाटी, सुमेर सिंह, अवतार सिंह मोनालिसा, लाभूराम, सीताराम व्यास, सुरेश व्यास, नोहर रेलवे स्टेशन अधीक्षक राजेराम, वाणिज्य अधीक्षक सुशील आचार्य, खिनानिया स्टेशन मास्टर अनिल कुमार, पंकज जोशी, भैरव करवा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

जोनल मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण कार्यक्रम तय

सीकर। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राजपाल यादव ने आदेश जारी कर पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के मद्देनजर एरिया मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के विधि भवन सेमिनार हॉल, कटराथल, सीकर में आयोजित होगा। प्रशिक्षण के दौरान सेक्टर क्षेत्रों में वल्नरेबिलिटी मैपिंग, चुनाव प्रबंधन, आदर्श आचार संहिता की पालना, सेक्टर मैनेजमेंट प्लान, सम्प्रेषण योजना की क्रियान्विति तथा चुनाव प्रचार के दौरान निषिद्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने एवं उनकी रिपोर्टिंग सहित अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों की जानकारी दी जाएगी। आदेशानुसार 16 अक्टूबर को प्रात: 10 से दोपहर 1 बजे तक 53 से 190 तक के एरिया, जोनल मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण आयोजित होगा।

विद्यार्थियों ने मचाई डांडिया की धूम, नन्हे-मुन्नों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी

चूरू। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी बाल विहार विद्यालय में मंगलवार शाम को डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से द्वितीय तक के नन्हे-मुन्नों ने रंग-बिरंगे परिधानों में आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा व भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरोज सुराणा, सुरेन्द्र बोथरा, सचिव आनंद बालाण, प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़ थे। वहीं विशिष्ट अतिथि जिला अणुव्रत समिति की पूर्व अध्यक्ष रचना कोठारी थी। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम. ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर विद्यार्थियों की आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा बच्चों की मेहनत और नवाचार की सराहना की। कक्षा प्रथम व द्वितीय के विद्यार्थियों ने अध्यापिकाओं के मार्गदर्शन में डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में माताओं, बहनों और अध्यापिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने दीपावली एवं नवरात्र से संबंधित सजावटी सामठी, रंगोली, पेंटिंग, गिफ्ट आइटम सहित हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई तथा उनका विक्रय किया।

विद्यालय प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़ ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने के साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना है। विद्यालय न्यास के मुख्य न्यासी बसंत कुमार पारख व प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. सूरजमल सुराणा सहित अन्य न्यासियों ने कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय परिवार को बधाई व नवरात्र की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में घनश्याम शर्मा, लखेन्द्र सिंह, विनोद शर्मा, विजय शर्मा, भवानी सिंह, नरेन्द्र सिंह, नवनीत शर्मा, अनिल शर्मा, महेश शर्मा, सुनिल चोटिया, इंतजार अली, रजत शर्मा, मनीष शर्मा, आदिल खान, तख्त सिंह, कल्पना जांगिड, ज्योति मेडतिया, नीलम शर्मा, नूतम शर्मा, वंदना शर्मा, सीता सैनी, सुनिता टाक, निर्मला तलवानी, रेखा शर्मा, रश्मि साधवानी, खुशी जैन, प्रतिभा कंवर विद्यालय स्टाफ, अभिभावक सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आनंद कंवर ने किया।

- एसपी निश्चय प्रसाद एम. ने आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों की प्रतिभा को सराहा

'निजी अस्पतालों व लैब की डिजिटल आईडी बनेगी'

सीकर। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत जिले में निजी स्वास्थ्य संस्थानों और स्वास्थ्य पेशेवरों को डिजिटल व्यवस्था से जोड़ने के लिए 15 से 30 अक्टूबर तक विशेष सघन ड्राइव अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के निजी स्वास्थ्य क्षेत्र को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित संस्थानों और पेशेवरों की डिजिटल पहचान तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि अभियान के दौरान निजी प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों एवं अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों की एचपीआईडी (हेल्थकेयर प्रोफेशनल आईडी) बनाई जाएगी। वहीं, पात्र निजी अस्पताल, क्लीनिक, फार्मेसी, लैब और सोनाग्राफी सेंटर की एचएफआईडी (हेल्थकेयर फैसिलिटी आईडी) बनाई जाएगी। इसके माध्यम से निजी स्वास्थ्य संस्थानों और उनमें सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य पेशेवरों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की डिजिटल व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। अभियान के दौरान निजी चिकित्सा संस्थानों में एचएमआईएस (हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम) सॉफ्टवेयर का एडॉप्शन भी सुनिश्चित कराया जाएगा। एचएमआईएस के माध्यम से अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित जानकारी के डिजिटल प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा सकेगा। विभाग का प्रयास है कि जिले के अधिक से अधिक पात्र निजी स्वास्थ्य संस्थान और स्वास्थ्य पेशेवर अभियान के दौरान डिजिटल व्यवस्था में पंजीकृत हों। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत निजी स्वास्थ्य संस्थानों एवं स्वास्थ्य पेशेवरों को पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराने तथा तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए स्वास्थ्य भवन से जानकारी ली जा सकती है।

संबंधित संस्थानों और स्वास्थ्य पेशेवरों को डिजिटल पंजीकरण से जुड़ी प्रक्रिया के बारे में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। तकनीकी स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए भी सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि एबीडीएम के तहत निजी स्वास्थ्य क्षेत्र को डिजिटल व्यवस्था से जोडना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। निजी अस्पतालों, क्लीनिक, फार्मेसी, लैब और सोनोग्राफी सेंटर सहित पात्र स्वास्थ्य संस्थानों की डिजिटल पहचान तैयार होने से स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल रिकॉर्ड और सेवाओं को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इसी तरह स्वास्थ्य पेशेवरों की एचपीआईडी तैयार होने से उन्हें भी डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम से जोड़ा जा सकेगा। सीएमएचओ डॉ. महरिया ने बताया कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है।

ऐसे में जिले के निजी स्वास्थ्य संस्थानों और स्वास्थ्य पेशेवरों को एबीडीएम से जोडना महत्वपूर्ण है। अभियान के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया को गति देने के साथ पात्र संस्थानों को डिजिटल सुविधाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विभाग की ओर से निजी स्वास्थ्य संस्थानों से अभियान के दौरान सक्रिय रूप से भाग लेने और निर्धारित अवधि में आवश्यक पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने का आठाह किया जा रहा है। जिले में निजी स्वास्थ्य संस्थानों और स्वास्थ्य पेशेवरों को डिजिटल व्यवस्था से जोडने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद एबीडीएम के तहत डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के नेटवर्क को और विस्तार मिलेगा।

- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 30 अक्टूबर तक चलेगा विशेष सघन ड्राइव अभियान

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर

सीकर। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत बुधवार को पंचायत समिति पिपराली में एक दिवसीय संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला अधिकारिता विभाग, बाल विकास विभाग एवं राजीविका के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला की मुख्य थीम 'नारी चौपाल, सशक्त बालिका, सुरक्षित समाज' रही। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं का आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण करना तथा उन्हें विभागीय योजनाओं एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की नीलम कुमारी ने विभागीय कल्याणकारी एवं सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, राजीविका की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुशीला ने आजीविका से संबंधित स्वयं सहायता समूहों की कार्यप्रणाली एवं उनसे मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। महिला अधिकारिता विभाग की ओर से साप्ताहिक मुहिम को ग्रामीण स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए महिला बैठकों एवं महिला क्लबों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर प्रचार-प्रसार को सुदृढ़ किया जा रहा है। कार्यशाला में विभागीय कार्मिकों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं।

राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में नमन भार्गव ने जीता कांस्य पदक

सिंघाना। सिंघाना के होनहार कराटे खिलाड़ी नमन भार्गव ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर बुधवार को जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने माला पहनाकर सम्मानित किया। खिलाड़ी की सफलता की सराहना करते हुए उन्होंने उज्ज्वल भविष्य की कामना की और युवाओं को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान आरएएस अधिकारी शिवा चौधरी भी मौजूद रहीं। ऐरावत मार्शल आर्ट के कोच अभिषेक राजोरा ने बताया कि सिंघाना निवासी दिनेश कुमार भार्गव के पुत्र नमन भार्गव ने 70वीं एसजीएफआई राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। श्रीगंगानगर में 30 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में नमन ने अंडर-17 आयु वर्ग के 62 किलोठााम भार वर्ग में अपनी प्रतिभा का दमदार प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किया। नमन की इस उपलब्धि पर जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए खेल के क्षेत्र में निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से खेल गतिविधियों में भागीदारी बढ़ाने तथा अपनी प्रतिभा को निखारकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने का आव्हान किया। ऐरावत मार्शल आर्ट के कोच एवं सीईओ सेंसई अभिषेक कुमार ने नमन भार्गव को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन, अनुशासन और नियमित अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि नमन भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सिंघाना और झुंझुनूं जिले का नाम रोशन करेंगे। कोच अभिषेक कुमार ने बताया कि ऐरावत मार्शल आर्ट संस्थान युवाओं को खेलों के प्रति लगातार प्रोत्साहित कर रहा है। संस्थान में खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण देकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और संघर्ष करने की क्षमता विकसित करते हैं। नमन भार्गव की इस सफलता से उनके परिवार, विद्यालय, ऐरावत मार्शल आर्ट संस्थान और पूरे सिंघाना क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

मॉक विधानसभा के लिए चयनित नोहर की छात्रा नाजमीन

नोहर, (निसं)। शैक्षिणक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयसंख्या-1, नोहर की कक्षा 12वीं की छात्रा नाजमीन ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिला स्तरीय प्रबल कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राज्य स्तरीय मॉक विधानसभा के लिए हुआ है। अब नाजमीन जयपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के तत्वावधान में समग्र शिक्षा, हनुमानगढ़ की ओर से 12 एवं 13 अक्टूबर को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जोड़कियां में जिला स्तरीय प्रबल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले के सात ब्लॉकों से चयनित 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में 21वीं सदी के आवश्यक कौशल विकसित करना तथा उनकी प्रतिभा और अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयसंख्या-1, नोहरकी छात्रा नाजमीन ने नोहर ब्लॉक का प्रतिनिधित्व किया। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर उन्होंने राज्य स्तरीय मॉक विधानसभा के लिए चयनित चार विद्यार्थियों में स्थान बनाया। नाजमीन की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कस्वां, उपप्रधानाचार्य जागृति कंदोई, हिमांशु खटोतिया, कपील, योगेश तथा समस्त स्टाफ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।48 खिलाड़ियों ने लिया भाग, 10 पदक जीतकर बढ़ाया जिले का मान - शारीरिक शिक्षक रणवीर एवं कोच राकेश सैनी ने बताया कि 70वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन 30 सितंबर से 7 अक्टूबर तक श्रीगंगानगर जिले के सादुलशहर में किया गया।

डांडिया महोत्सव में लोकगीतों व घूमर पर थिरकी युवतियां

चूरू। स्थानीय इंद्रमणि निवास में छह न्याति ब्राह्मण महासंघ की जिला महिला इकाई के तत्वावधान में मंगलवार रात्रि को डांडिया महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं ने लोकगीत, घूमर और डांडिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम संयोजिका शशि चोटिया ने बताया कि महिला इकाई की जिलाध्यक्ष दीपिका शर्मा की अध्यक्षता में हुए महोत्सव का शुभारंभ अतिथियों ने मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष महेश बावलिया, संरक्षिका आनंद बाला दुबे, महिमा शर्मा, राजबाला शर्मा, पार्षद अरुणा मिश्रा, विजयश्री शर्मा व प्रियंका ओझा थी। महोत्सव में महिलाओं और बालिकाओं ने पारंपरिक लोकगीतों व घूमर पर नृत्य किया। इसके साथ ही डांडिया नृत्य की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सर्व समाज की महिल